चैरेवति : एक जीवन यात्रा पर विमर्श सत्र आयोजित

औरंगाबाद (आससे)। जिला मुख्यालय स्थित होटल स्काई व्यू के कॉन्फ्रेंस रूम में पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्वर्गीय प्रोफेसर टी एन सिन्हा पर उनके पुत्र प्रशांत कुमार द्वारा लिखी गयी पुस्तक चरैवेति - एक जीवन यात्रा पर विस्तृत विमर्श सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुस्तक के लेखक उनके सुपुत्र बिहार सरकार में वरिष्ठ अधिकारी प्रशांत कुमार बहैसियत अतिथि उपस्थित होकर पिता की जीवन यात्रा पर लिखे गए अपने प्रयासों को साझा किया और इस महान कार्य के लिए परमात्मा के प्रति आभार जताया। प्रशांत कुमार ने पिता पर लिखी पुस्तक को अनुग्रह मध्य विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह को स्कूल के पुस्तकालय के लिए दस प्रति प्रदान किए। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी मित्रों को भी पुस्तक सप्रेम भेंट किया। मित्रों ने भी प्रो टी एन सिन्हा जी को अपना अभिभावक बताया और अपनी अपनी सफलता के लिए उनके रहे योगदानों को अमूल्य बताया। प्रशांत ने बताया कि उनका लेखन जारी है और जल्द ही एक बिहार के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत पर एक पुस्तक लोगों के बीच होगी। कार्यक्रम में उपस्थित अभिषेक बजाज, राकेश श्रीवास्तव, मनोज कुमार एवं मनोज भारती अपने लेखक मित्र से पुस्तक प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त किए। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने अनुग्रह स्कूल के पुस्तकालय के लिए प्राप्त पुस्तक की दस प्रतियों को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताया।



रोहतास में 14 वर्ष बाद पुनः शुरू होगा पत्थर खनन

डिहरी ऑन सोन (आससे)। रोहतास जिले में 2012 से बंद पत्थर खनन पुनः एक बार शुरू करने के लिए जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा के नेतृत्व में कारवाई अंतिम चरण में है। जिले के करवंदिया तथा गिजवाही - 2 ब्लॉक सहित पहाड़ी इलाके में पत्थर खनन में आने वाली बाधा दूर होने के बाद जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा के नेतृत्व में भेजे गए प्रतिवेदन के बाद सरकार ने रोहतास में पत्थर खनन को लेकर मुहर लगा दी है।इसी कड़ी में पटना से पहुंचे खनन विभाग के पदाधिकारी करवंदिया पहाड़ी इलाके में रास्ता सहित खनन क्षेत्र के निविदा के लिए अंतिम जायजा लिया।

जिले में पत्थर खनन को लेकर आज पटना से खनन विभाग के पदाधिकारी करवंदिया तथा गिजवाही -2 इलाके में जायजा के साथ निविदा की उम्मीद जल्द पुरी होने की जताई जा रही है।

इससे पहले जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गायघाट तथा गिजवाही -1 की निविदा खनन विभाग ने किया है।जिसकी आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 नवंबर है। जिले में 2012 के बाद पत्थर खनन को लेकर डीएम दीपक कुमार मिश्रा के नेतृत्व में अवलोकन के साथ सरकार को रिपोर्ट भेजी गई। जहां सरकार ने जिला में फिलहाल 4 ब्लॉक के लिए हरी झंडी दी है। जिसमें करवंदिया में रास्ता को लेकर आने वाली अड़चन डीएम दीपक कुमार मिश्रा के पहल पर दूर कर दिया गया है।

डीएम दीपक कुमार मिश्रा ने बताया कि जिले में पत्थर खनन को लेकर सरकार तत्पर है। लोगों को रोजगार भी मिलेगा। सरकार की गाइडलाइन के अनुरूप गिजवाही -1 तथा गायघाट में पत्थर खनन के लिए के लिए 12 हेक्टेयर से अधिक चयन किया गया है। जबकि करवंदिया में छोटे छोटे ब्लॉक सरकार के गाईड लाईन के अनुरूप होगा वहीं गिजवाही -2 के लिए भी निविदा हेतू कार्रवाई जारी है।



शराबबंदी कानून के तहत पुलिस की कारर्वाई, छह आरोपी गिरफ्तार

भभुआ /कैमूर(आससे)। शराब सेवन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सोनहन थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपितों को मेडिकल जांच के बाद न्यायालय में पेश किया गया।थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस गश्ती के दौरान तमाढ़ गांव निवासी दयाशंकर चंद्रवंशी के पुत्र श्याम सुंदर चंद्रवंशी, खरहरिया गांव निवासी रामसूरत सिंह के पुत्र मनोज कुमार सिंह, पिया गांव निवासी केदार पासवान के पुत्र शिव कुमार पासवान, बरुआ गांव निवासी भृगु बिंद के पुत्र पप्पू कुमार बिंद तथा खनेठी गांव निवासी स्वर्गीय दीनानाथ राम के पुत्र धर्मेंद्र राम को गिरफ्तार किया गया।वहीं, सितमपुरा गांव निवासी किशोर बिंद के पुत्र मुन्ना प्रसाद को शराब के नशे में पत्नी के साथ मारपीट करने के आरोप में डायल 112 की पुलिस ने पकड़ा। जांच में शराब सेवन की पुष्टि हुई।पुलिस ने सभी छह आरोपितों की मेडिकल जांच कराकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया।

कोचस ज्वेलर्स लुटकांड : पुलिस अपराधियों को पाताल से ढूंढ़ कर लायें और संपत्ति करें बरामद : विधायक

डिहरी ऑन सोन (आससे)। कोचस ज्वेलर्स लूटकांड पर विधायक आलोक सिंह ने पुलिस को अपराधियों को पाताल से ढूंढकर लाने और शत-प्रतिशत संपत्ति बरामद करने का निर्देश दिया. ।

रोहतास जिले के कोचस में महात्मा गांधी चौक के समीप कंचन ज्वेलर्स में दिनदहाड़े हुई लूट की घटना के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है. शनिवार की देर शाम दिनारा विधायक आलोक सिंह पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे. उन्होंने पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया और हर संभव सहयोग का भरोसा दिया. गौरतलब है कि बीते 27 अक्टूबर को अपराधियों ने ज्वेलरी दुकान में लूट की वारदात को अंजाम दिया था. ।

पीड़ित परिवार से मुलाकात के दौरान विधायक आलोक सिंह ने कहा कि कोचस क्षेत्र में भय और आतंक का माहौल बनाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. व्यापारियों का मान-सम्मान और उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने पुलिस-प्रशासन के वरीय अधिकारियों से कड़े शब्दों में बात करते हुए अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया. ।

विधायक ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि अपराधियों को पाताल से भी ढूंढकर सलाखों के पीछे भेजा जाए. साथ ही लूटी गई एक-एक संपत्ति की शत-प्रतिशत बरामदगी सुनिश्चित की जाए. उन्होंने पूरे बाजार क्षेत्र में पुलिस गश्ती व्यवस्था मजबूत करने की भी मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी वारदातों की पुनरावृत्ति नहीं हो. । आलोक सिंह ने कहा कि पीड़ित परिवार को त्वरित न्याय दिलाने और व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए वे सड़क से सदन तक उनके साथ खड़े हैं. उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस मामले में पुलिस-प्रशासन पर लगातार दबाव बनाया जाएगा, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके. ।

इस दौरान पीड़ित व्यवसायी सूरज वर्मा और सतेन्द्र प्रसाद गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे. । विधायक ने पीड़ित परिवार की समस्याएं सुनीं और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया. ।

नाबालिग अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

डालमियानगर रोहतास आससे। काराकाट थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर अगवा करने के मामले में पुलिस ने आरोपी अमित कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

गिरफ्तार आरोपी बक्सर जिले के मुरार थाना क्षेत्र के मुरार गांव निवासी भोला कुमार का पुत्र अमित कुमार है। पुलिस के अनुसार आरोपी पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप है। इस संबंध में काराकाट थाना में कांड संख्या 412/26 के तहत पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया गया था।

मामला दर्ज होने के बाद से पुलिस आरोपी की तलाश में थी। इसी क्रम में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

दाउदनगर अग्निशमन विभाग की पोल खोलेगा आरटीआई, कांग्रेस प्रवक्ता ने मांगा हिसाब

दाउदनगर (औरंगाबाद) (आससे)। दाउदनगर अनुमंडल अग्निशमन कार्यालय में सरकारी संसाधनों और सुविधाओं की असली तस्वीर अब सामने आएगी। प्रखंड कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ई. युवराज पाण्डेय ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत कुछ आवश्यक जानकारी मांगी है। उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार प्रवक्ता श्री पाण्डेय ने 26 अक्टूबर 2026 को पत्रांक दा.प्र.कॉ.क./प्रवक्ता/ 2026/004 के माध्यम से अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी को पत्र भेजकर कई बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी, लेकिन समय पर जवाब नहीं मिला। अब जवाब न मिलने



के बाद उन्होंने आरटीआई का रास्ता अपनाया है। बिंदुवार जो जानकारियां मांगी गई हैं, उनमें दाउदनगर अग्निशमन कार्यालय में कुल कितने सरकारी वाहन हैं और कितने चालू हालत में हैं ?कार्यालय भवन, सरकारी आवास और बुनियादी सुविधाओं की क्या स्थिति है ? वित्तीय वर्ष 2025 - 26 और 2026 - 27 में कितना बजट मिला और मद वार कितना खर्च हुआ ? आग बुझाने वाली गाड़ियों, सुरक्षा और बचाव उपकरणों की उपलब्धता और उनकी स्थिति क्या है ? अतिरिक्त संसाधनों के लिए अब तक क्या - क्या मांग पत्र भेजे गए हैं, शामिल हैं ? पूछे जाने पर इस पहल को लेकर ई. युवराज पाण्डेय ने बताया कि अग्निशमन विभाग सीधे जनता की जान - माल की सुरक्षा से जुड़ा है। आपात स्थिति में यही विभाग सबसे पहले काम आता है, ऐसे में इसके संसाधनों, बजट और सुविधाओं में पारदर्शिता होना बेहद जरूरी है। यह जनहित और जवाबदेही का मामला है। अब सबकी निगाहें विभाग के जवाब पर टिकी हैं। देखना होगा कि आरटीआई के तहत विभाग अपनी हकीकत पर चढ़े परदे को पूरी पारदर्शिता के साथ हटाता है या एक बार फिर कान में तेल डालकर सो जाता है ? हालांकि इस अखबार के दाउदनगर संवाददाता ने कांग्रेस प्रवक्ता के सवालों से अग्निशमालय पदाधिकारी सोनाली कुमारी को मोबाइल फोन के जरिये अवगत कराया तो उन्होंने इस संबंध में कुछ भी कहने और बयान देने से मना किया।

सिद्धेश्वर कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं शिक्षक, शिक्षा की चुनौतियों पर व्याख्यान सत्र आयोजित

डिहरी ऑन सोन (आससे)। रोहतास जिले के नोखा प्रखंड क्षेत्र के मैयारी बाजार स्थित सिद्धेश्वर कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन के सभाकक्ष में



शनिवार को 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं शिक्षक शिक्षा में चुनौतियाँ' विषय पर एक विशेष व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के चेयरमैन एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. एस. पी. वर्मा, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के शिक्षा संकाय के सह आचार्य डॉ. संजीव कुमार पाण्डेय, परमार्थ इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार सिंह, संत पॉल स्कूल के प्रबंधक रोहित वर्मा तथा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मृदुल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद् एवं कॉलेज के चेयरमैन डॉ. एस. पी. वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास पर विशेष बल देती है। उन्होंने कहा कि शिक्षक बनना आसान है, लेकिन एक कुशल, प्रभावशाली एवं आदर्श शिक्षक बनना चुनौतीपूर्ण कार्य है। इसके लिए निरंतर अध्ययन, समर्पण, अनुशासन और व्यक्तित्व विकास आवश्यक है। उन्होंने भावी शिक्षकों से शिक्षा की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

विशिष्ट वक्ता डॉ. राजेश कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों एवं शिक्षक प्रशिक्षुओं को कौशल विकास और तकनीकी दक्षता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने स्कूल इंटर्नशिप कार्यक्रम को शिक्षक प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए प्रशिक्षुओं से विद्यालयों में पूरी निष्ठा एवं गंभीरता के साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने की अपील की।


मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के शिक्षा संकाय के सह आचार्य डॉ. संजीव कुमार पाण्डेय ने कहा कि व्यक्ति का दृष्टिकोण ही उसके व्यक्तित्व एवं भविष्य की दिशा निर्धारित करता है। 21वीं सदी की पहली राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रत्येक व्यक्ति की रचनात्मक क्षमता के विकास पर विशेष बल दिया गया है। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मृदुल कुमार सिंह,,कार्यक्रम में डीएलएड विभागाध्यक्ष डॉ. उदय कुमार, बीएड विभाग के सहायक आचार्य भरत तिवारी एवं सचिन कुमार, सहायक आचार्य डॉ. सत्येन्द्र कुमार शुक्ला, व्याख्यान समन्वयक (आईक्यू एसी), डीएलएड विभाग की सहायक आचार्य रीमा देवी, संत पॉल स्कूल के शिक्षक अर्जुन कुमार, आकाश गुप्ता आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

मंच संचालन सहायक आचार्य भरत तिवारी ने किया।

अनियंत्रित बाइक की टक्कर से पांच वर्षीय बालक गंभीर रूप से जख्मी

भभुआ/कैमूर (आससे)। बेलांव थाना क्षेत्र के पानापुर गांव में अनियंत्रित बाइक की टक्कर से पांच वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। घायल बालक की पहचान गांव निवासी संजय पांडेय के पांच वर्षीय पुत्र विजय शंकर पांडेय के रूप में हुई है।मिली जानकारी के अनुसार, बालक अपने घर के पास सड़क पर खड़ा था। इसी दौरान तेज रफ्तार और अनियंत्रित बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बालक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद बाइक चालक मौके से भाग निकला।हादसे के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में घायल बालक को इलाज के लिए सदर अस्पताल भभुआ लाया गया। यहां आपातकालीन ड्यूटी में तैनात चिकित्सक डॉ. अभिलाष चंद्रा ने प्राथमिक उपचार किया। बालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए वाराणसी स्थित उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया।







इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम — मिनी-रत्न-I)

सार्वजनिक सूचना

कृपया ई-निविदा सं: 2026/आईआरसीटीसी/ऑन-/सिकंदर/सब/दिनांक/28 निम्नलिखित कोच-I के 5 वर्षों की अवधि के लिए सिकंदर सब से सामान्य सेवाओं के प्रावधान हेतु सह ई-नीलामी खोली जाएगी। एसी/सेकेंड(एस) – 200 वर्ग मीटर, सेकेंड/स्लीपर(एस) – 144 वर्ग मीटर, एसी/थर्ड(एस) – 952 वर्ग मीटर, एसी/सेकेंड(एस) – 24.41 वर्ग मीटर, पैंट्री(एस) – 137.22 वर्ग मीटर, पैंट्री(एस) – 75.4 वर्ग मीटर। ई- बिड खोलने की तिथि 06.11.2026 को 11:00 बजे, और खोली जाने वाली बोली की तारीख तिथि 01.12.2026 को 15:00 बजे तक है।

निविदा दस्तावेज "www.irctc.com" "http://www.tenderwizard.com/IRCTC" और "eprocure.gov.in/cppp" वेबसाइटों से डाउनलोड किए जा सकते हैं और इन्हें केवल http://www.tenderwizard.com/IRCTC पर ही ऑनलाइन जमा कराया।

उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में जारी कोई भी शुद्धिपत्र/संशोधित शेड्यूल आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctc.com और www.tenderwizard.com/IRCTC पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

जीएम (कार्ड बी) आईआरसीटीसी लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सेंट्रलाइज्ड ब्लॉक, बी-1सी, बाराखंभा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001

पूर्व मध्य रेल

सूचना

पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल के सेवा-प्राप्तियों/पारिवारिक सेवा-प्राप्तियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 02 नवम्बर से 06 नवम्बर 2026 तक पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 04 बजे तक निम्न स्थानों पर लगाने हेतु कैंप लगाया जायेगा। विभिन्न लाईफ सर्टिफिकेट (DLC) जमा करने के उपरान्त उनसे संबंधित बैंक एवं बचत लाईफ सर्टिफिकेट जमा करने की व्यवस्था की जायेगी।

क्रम सं.	दिनांक	स्टेशन
1.	02.11.2026 से 06.11.2026 तक	मंरेप्र कार्यालय डेहरीऑन सोनपुल, दानापुर
2.	03.11.2026	दानापुर
3.	04.11.2026	मसौढ़ा जंक्शन
4.	05.11.2026	बिक्रम
5.	05.11.2026	दाऊदनगर
6.	06.11.2026	बिहार शरीफ
7.	06.11.2026	बख्तियारपुर

सभी पेंशनभोगियों/पारिवारिक पेंशनभोगियों से अनुरोध है कि डाक टिकिट में अपने PPO तथा AADHAR Card की प्रति एवं मोबाईल नम्बर अंकित करते हुए लाईफ सर्टिफिकेट (DLC) जमा किया जा सके। साथ ही वैसे पेंशनभोगी जो शारीरिक रूप से लाचार हैं कृपया वे संपर्क सं. 9771198010 पर संपर्क कर घर पर DLC सुविधा की जानकारी एवं अपने नियत स्थान पर DLC सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। उपरोक्त सूचना पूर्व मध्य रेल डानापुर मंडल के Website www.ecr.indianrailway.Gov.in पर भी उपलब्ध है।

वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी
पूर्व मध्य रेल, दानापुर

पीआर/1216/कोल्हार/पीईआरएल/नोटिस/26-27/56